## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

### प्रेस विज्ञप्ति

### विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 28.09.2023

**दिनांक-27/28-09-2023 को रात्रि थाना अलीगंज 02, नाका 01, अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**

### डी0सी0पी0 पश्चिमी

**सट्टा खेलते/ खिलवाते समय गिरफ्तार।**

**थाना सआदतगंज**-दिनांक 27.09.2023 को एस0आई0 श्री संजीव कुमार चौधरी द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01-मोहम्मद इकबाल पुत्र स्व. कुदरत अली निवासी 431/619 मोमिननगर थाना सआदतगंज लखनऊ, 02-मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद जफी निवासी रिजवान बैण्ड बाजा के पास एकता नगर चौराहा थाना सआदतगंज लखनऊ को आपस में रूपये की हारजीत की बाजी लगाकर सट्टा पर्ची द्वारा सट्टा खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान यासीनगंज पीली बिल्डिग के पास थाना सआदतगंज लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 05 अदद सट्टे की पर्ची व जामा तलाशी के 535/- रुपये नगद बरामद कर थाना सआदतगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।**

**थाना रहीमाबाद**-दिनांक 27.09.2023 को एस0आई0 श्री उमाशंकर यादव थाना रहीमाबाद द्वारा मय हमराही व फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01-दीपू कुमार रावत पुत्र श्री विश्वनाथ रावत निवासी ग्राम औलियाखेड़ा मजरा गौदा मुअज्जमनगर थाना रहीमाबाद लखनऊ को ग्राम खड़ौहा से ग्राम औलियाखेड़ा की तरफ मन्दिर के पीछे बाग के कोने पर थाना रहीमाबाद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब प्लास्टिक की पिपिया बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**थाना माल**-दिनांक 27.09.2023 को मु0 आ0 राम सजीवन सरोज थाना माल द्वारा मय हमराही व फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01- सुनील कश्यप पुत्र नन्हक्के कश्यप निवासी अऊमऊ थाना माल जनपद लखनऊ को ग्राम बघोलिया पुलिया अऊमऊ थाना माल लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

### डी0सी0पी0 पूर्वी

**गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही।**

**थाना विभूतिखण्ड**- दिनांक 27.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार थाना विभूतिखण्ड लखनऊ द्वारा अभियुक्त 01-इरशाद पुत्र अहमद अली निवासी ग्राम असीलपुर थाना किठौर जनपद मेरठ उ0प्र0 उम्र 32 वर्ष(गैंगलीडर), 02- शाहिद अहमद पुत्र हबीब अली निवासी ठंडा नाला गुलर भोज थाना गदरपुर जनपद ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड उम्र 26 वर्ष, 03-हबीब अहमद पुत्र शमशुद्दीन निवासी रसूलपुर थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर उ0प्र0 हालपता कौपा किरपाली गुलरभोज थाना गदरपुर जनपद ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड उम्र 36 वर्ष, 04- महबूब पुत्र छोटे राणा निवासी ठंडा नाला गुलरभोज थाना गदरपुर जनपद ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड उम्र 22 वर्ष के **विरूद्ध 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी।**

**भा0द0वि0**

**थाना गोमतीनगर-** दिनांक 28.09.2023 को थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि एडवोकेट मो0 नियाज पुत्र मसूद रहमान निवासी इरादत नगर नई बस्ती डालीगंज जनपद लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि आज दिनांक 28.09.2023 को समय प्रातः 06.00 बजे उसका भाई तौसीफ और उसका दोस्त कैफी मोटरसाइकिल से किसी काम से गोमतीनगर थानाक्षेत्र में गए थे। जहां समतामूलक चौराहे के पास एक पेड़ से उनका मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे मो0 नियाज के भाई तौसीफ और उसके दोस्त कैफी को गम्भीर चोटें आई। दोनों को इलाज हेतु सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां दौराने इलाज डॉक्टरों ने कैफी उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री मन्दीप सिंह मो0नं0- 8577949219 थाना गोमतीनगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

जिनके द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 28.09.2023 को सुबह करीब 7.00 बजे दो पहिया वाहन सवार व्यक्ति कैफी पुत्र मोहम्मद कयूम उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मोहन मिकिन रोड शिया पीजी कॉलेज चौक जनपद लखनऊ और तौसीफ उमर पुत्र मसूद रहमान उम्र करीब 23 वर्ष निवासी नई बस्ती इरादत नगर शिया पीजी कॉलेज चौक जनपद लखनऊ, बंधा रोड निकट समतामूलक चौराहा थाना गोमतीनगर पर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए, जिससे दोनो को गंभीर चोट आई। सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान कैफी उपरोक्त की मृत्यु हो गई और तौसीफ उमर उपरोक्त को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।